# एमएस धोनी की शिकायत पर कोर्ट ने लिया संज्ञान, 15 करोड़ रु. के फर्जीवाड़ा के आरोपी पर चलेगा मुकदमा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दर्ज अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर, सौम्या दास एवं उसकी कंपनी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलेगा। न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय की अदालत ने बुधवार को 15 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े में मिहिर दिवाकर समेत तीनों के खिलाफ संज्ञान लिया है। उनपर फर्जीवाड़ा कर धोनी को 15 करोड़ रुपये की क्षति पहुंचाने का आरोप है। अदालत ने बीते 6 मार्च को सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। यह शिकायतवाद धोनी की ओर से सीमांत लोहानी ने दर्ज कराया है। दर्ज शिकायतवाद पर पांच जनवरी को धोनी के प्रतिनिधि सीमांत लोहानी का बयान शपथपत्र पर दर्ज किया गया। इसमें उन्होंने मिहिर दिवाकर एवं सौम्या दास के ऊपर लगाये आरोपों के बारे में बयान दिया था। आगे की सुनवाई में मामले में शिकायतकर्ता की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया गया था। इसके आधार पर अदालत ने संज्ञान लिया है। मामले में अब तीनों पर समन जारी किया जायेगा। इसके लिए अदालत ने तारीख निर्धारित कर दी है।

**धोनी के प्रतिनिधि सीमांत लोहानी ने अक्तूबर 2023 में किया है मुकदमा :** एमएस धोनी के प्रतिनिधि सीमांत लोहानी ने 27 अक्तूबर 2023 को मुकदमा दर्ज कराया। इसमें कहा गया है कि मिहिर दिवाकर ने कथित तौर पर दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए साल 2017 में एमएस धोनी के साथ एक समझौता किया था। समझौते के बाद उसे फ्रेंचाइजी दिया गया था। एकरारनामा के तहत प्रॉफिट शेयर का 70-30 का अनुपात तय हुआ था। धोनी को लाभ का 70 फीसदी भुगतान करना था लेकिन, समझौते के सभी नियम और शर्तों की धज्जियां उड़ा दी।

# 'नाबालिग की सहमति' शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को दोषमुक्त करने का नहीं है आधार : झारखंड हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने हाल ही में दिये अपने एक फैसले में कहा कि नाबालिग की सहमति से भी शारीरिक संबंध बनाने वाले को दोष से बरी नहीं किया जा सकता। दरअसल खूंटी सिविल कोर्ट ने सचिंद्र सिंह को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में 9 फरवरी 2021 को दोषी करार दिया था। सचिंद्र सिंह ने खूंटी सिविल कोर्ट के फैसले को क्रिमिनल अपील दाखिल कर चुनौती दी थी। जिसपर हाईकोर्ट ने न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि विचारणीय बात यह है कि क्या पीड़ित की सहमति ने अपराध को नकार दिया है? दुष्कर्म के मामले में नाबालिग लड़की की सहमति कोई मायने नहीं रखती। घटना के समय यानी वर्ष 2005 में जब दुष्कर्म किया, उस वक्त सहमति की उम्र सोलह वर्ष और उससे अधिक थी। वर्ष 2013 में संशोधन कर इसे अठारह वर्ष किया गया है।

**बचाव पक्ष ने कोर्ट में दलील दी थी कि नाबालिग की सहमति से बना शारीरिक संबंध:** एफआईआर के मुताबिक, पीड़िता की उम्र 05.02.2005 (घटना के वक्त) 15 वर्ष ही थी। 19.04.2006 को गवाही के समय उसकी उम्र 15 वर्ष बतायी गयी। पीड़िता की जांच करने वाले डॉक्टर ने रेडियोलॉजिस्ट की राय के अनुसार, पीड़िता की उम्र 14-16 वर्ष आंकी गयी है। यह साबित करने के लिए बचाव पक्ष के पास कोई सबूत नहीं है कि घटना के समय पीड़िता की उम्र 16 वर्ष से अधिक थी। बचाव पक्ष द्वारा दी गयी यह दलील की शारीरिक संबंध बनने के दौरान नाबालिग की सहमति थी लेकिन अदालत ने कहा कि नाबालिग पीड़िता की सहमति आरोपी को उसके अपराध से मुक्त करने का आधार नहीं हो सकता है।

# बंगाल की खड़ी में बने टर्फ का आज तक रहेगा असर,होली में बादल छाने के संकेत

## 22 मार्च से साफ होगा मौसम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खड़ी में बने टर्फ का असर झारखंड में 21 मार्च तक रहेगा। दिन में धूप और शाम में तेज हवा के साथ बारिश होगी। 22 मार्च से मौसम शुष्क हो जायेगा। 25 मार्च तक मौसम में कोई विशेष बदलाव का अनुमान नहीं है। हालांकि 23, 24 और 25 को आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। इसलिए होली में मौसम सामान्य के इधर-उधर रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम का असर अगले 24 घंटे तक और रहेगा। उसके बाद सिस्टम कमजोर पड़ेगा। इसके असर से झारखंड और बिहार के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। केंद्र की मानें तो 21 मार्च को राज्य के कुछ हिस्सों में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। इसके साथ ही राज्य के तापमान में फिर से वृद्धि दर्ज की जायेगी।

इधर राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट आयी है। इससे ठंड का एहसास होने लगा है। बुधवार की दोपहर बाद रांची व इसके आसपास में तेज हवाएं चली और गरज के साथ झमाझम बारिश हुई। बेमौसम बारिश से जन-जीवन अस्त व्यस्त है, वहीं फसलों पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। बुधवार को रांची समेत कई जिलों में बारिश हुई।

## अधिक दिनों तक रहता है प्रभाव, जलजमाव में लार्वा नहीं होगा पैदा

# कोल्ड फॉगिंग मच्छर रोधी के साथ साथ पर्यावरण के लिए लाभकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गर्मी के मौसम को देखते हुये शहर के सभी 53 वार्डों में मच्छरों को मारने के लिए नगर निगम द्वारा रोस्टर जारी कर कोल्ड वाटर फॉगिंग कराया जा रहा है। इससे मच्छर को मारने के साथ आम नागरिकों को मच्छर जनित रोगों से बचने के उपाय भी किये जा रहे हैं। इस संबंध में बताया कि कोल्ड वाटर फागिंग प्रणाली में डीजल या



किरासन तेल का उपयोग नहीं किया जाता, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं होता। कोल्ड वाटर फगिंग शुद्ध जल से किया जाता है। सबसे खास बात यह है कि यह छिड़काव बायोडिग्रेडबल होता है यानि पौधों एवं पशुओं से उत्पन्न होने वाले रोगाणुओं और कचरा का भी नाश करता है। इससे प्रणाली में आग लगने की भी संभावाना नहीं रहती है। इस सिस्टम से छिड़काव करने के लिए जल में डेल्टा माइसिन एवं इंस्फिाइडिंग वाटर का इस्तेमाल किया जाता है जो पर्यावरण की सुरक्षा के साथ प्रदूषण नियंत्रित भी करता है। इसके अलावा जल जमाव वाले स्थानों और नाला नलियों में जल के साथ लावीसाईडल नामक दवा मिलाकर छिडकाव कराया जाता है जिससे नाला नालियों एवं जल जमाव वाले स्थान पर मच्छरों के लार्वा को जड़ से समाप्त किया जाता है। वर्तमान में लावीसाईडिल का छिड़काव कराना जरूरी है क्योंकि रूक रूक कर वर्षा हो रही है। रांची नगर निगम द्वारा मच्छररोधी कोल्ड वाटर फागिंग के लिए पूरे शहर के लिए रोस्टर जारी किया गया है। यदि किसी क्षेत्र में फगिंग नहीं हो पा रही है तो पहले से जारी चालकों के नंबर पर बात किया जाये। यदि फिर भी फागिंग नहीं हो पा रही है तो सिंगल प्वाईंट सेंटर पर सूचना दी जा सकती है। इसके लिए टीम नंबर एक एवं दो के लिए 6205005487 और टीम नंबर तीन से आठ के लिए 9431115969 पर सूचना देकर छिड़काव कराया जा सकता है। इस पर भी कार्रवाई नहीं हो रही है तो 9431104429 पर शिकायत की जा सकती है।

# रांची में बनेगा यूनिटी मॉल, ग्रामीण शिल्पियों के उत्पादों की होगी बिक्री

## एचईसी में निर्माणाधीन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में यूनिटी मॉल का होगा निर्माण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के ग्रेटर एरिया एचईसी में निर्माणाधीन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में यूनिटी मॉल का निर्माण होगा। केंद्र सरकार की इस योजना को झारखंड सरकार ने स्वीकृत करते हुए उद्योग विभाग की ओर से आदेश जारी किया है। मालूम हो कि भारत सरकार ने स्कीम ऑफ स्पेशल एसिसटेंट के तहत देश के सभी राज्यों की राजधानी में यूनिटी मॉल निर्माण कराने का फैसला लिया है। इसके लिए 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। झारखंड द्वारा भेजा गया डीपीआर भी भारत सरकार ने स्वीकृत कर लिया है। इसके निर्माण में 162.92 करोड़ की लागत आयेगी। पूरी राशि का वहन भारत सरकार करेगी। इस योजना अंतर्गत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर निर्माण के लिए जिडको को निःशुल्क कोर कैपिटल एरिया साइड-1, एचईसी धुर्वा रांची में 3.45 एकड़ भूमि उपलब्ध करायी गयी है। इस भूखंड के एक भाग पर यूनिटी मॉल का निर्माण कराया जायेगा। इस संबंध में नगर विकास विभाग से भी पहले सहमति ली गयी है। ऐसे में एक ही जगह वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और यूनिटी मॉल का निर्माण किया जायेगा।

**मॉल का मुख्य उद्देश्य :** यूनिटी मॉल बनाने का मुख्य उदेश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। इसके अलावा मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को बढ़ावा देना, ग्रामीण शिल्पियों को उनके द्वारा तैयार उत्पाद के लिए बाजार उपलब्ध कराना और रोजगार का सृजन करना है।

# एसडीओ ने हटवाया धरना, आदर्श आचार संहिता की दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी रांची राजेश्वर नाथ आलोक बुधवार को राजभवन के पास धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को हटाया। झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ एवं राष्ट्रीय युवा शक्ति को आचार संहिता के मद्देनजर तत्काल धरना प्रदर्शन हटाने को कहा। इस दौरान कोतवाली इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे।

एसडीओ ने धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को आचार संहिता के बारे में जानकारी दी। उन्हें बताया कि आचार संहिता के दौरान सार्वजनिक और सरकारी संपत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर और पंपलेट्स चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाना, सड़कों पर बैनर, होर्डिंग और तोरण द्वार लगाना प्रतिबंधित है। वहां धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने समाप्त कर दिया।

यहां बता दें कि चुनाव प्रक्रिया खत्म होने या 60 दिनों तक (जो भी पहले हो) धारा 144 लागू रहेगी। शादी, बारात पार्टी, शवयात्रा, हाट बाजार, मरीजों को लेकर अस्पताल जा रहे लोगों, विद्यालय या महाविद्यालय जाने वाले विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारी और पुलिस बल पर यह लागू नहीं होगी।

# प. बंगाल से रांची पहुंची दो लड़कियां लापता,सीआइडी से जांच का अनुरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पश्चिम बंगाल से रांची आयी दो बहनें लापता हो गयी है। इस संबंध में चाईल्ड राईट्स फाउंडेशन के सचिव बैद्यनाथ कुमार ने सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने का आग्रह किया है। बैद्यनाथ कुमार ने सीआईडी को लिखे पत्र में कहा है कि बंगाल के मुर्शिदाबाद से सात मार्च को दो लड़की लापता हो गयी थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की तो पता चला कि दोनों लड़कियों का लास्ट लोकेशन रांची रेलवे स्टेशन है। जिसके बाद लड़की के माता-पिता ढूंढते हुए रांची आये। उन्होंने चुटिया थाना के प्रभारी से दोनों लड़कियों की सारी जानकारी साझा की। थाना प्रभारी ने परिजनों से लड़की को खोजबीन के लिए सहयोग करने का बात कही।

## गलत काम करवाये जाने की आशंका

सीआईडी को लिखे पत्र में बताया गया है कि अंदेशा है कि दोनों लड़कियों को रांची के स्टेशन रोड में स्थित होटलो में स्कॉट सर्विस एवं मसाज पार्लर के लिए लाया गया होगा। इस रैकेट के खिलाफ पूर्व में भी बरियातु थाना में प्राथमिकी (संख्या-279/23 दिनांक-05.07.2023) दर्ज करायी गयी थी। इसलिए मामले की गहनता से जांच की जाये और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। पत्र में बताया गया है कि इस संबंध में लड़की के परिजनों ने बंगाल के मुर्शिदाबाद थाना में प्राथमिकी (संख्या-757/2024) भी दर्ज करवाया गया है।

# सीएमपीडीआइ में होली मिलन समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सीएमपीडीआई परिसर में कोयला मजदूर यूनियन (सीएमयू) ने पूरे धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें जेबीसीसीआई सदस्य रमेन्द्र कुमार और कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्य एवं सीएमयू के अध्यक्ष अशोक यादव भी शामिल हुए। उन्होंने सभी कोयला कर्मियों को उमंग एवं उत्साह का पर्व होली की हार्दिक बधाई दी। कहा कि आप सभी लोग अपने परिवार जनों के साथ खुशीपूर्वक होली पर्व का आनंद उठाएं। मौके पर निदेशक शंकर नागाचारी, निदेशक अच्युत घटक, क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक संजय कुमार दुबे, अन्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष, निदेशक के तकनीकी सचिव पीके शरण, निदेशक के तकनीकी सचिव प्रमोद कुमार, कोयला मजदूर यूनियन के महामंत्री सतीश कुमार केशरी, केबी शिरोमणि, अमरदीप, आरए ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सीएमपीडीआई, सीसीएल एवं ठेका कर्मियों ने होली मिलन समारोह में हिस्सा लिया।

# नवगठित फिल्म विकास परिषद को अविलंब रद्द करें :आदिवासी संगठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी मूलवासी नेताओं नवगठित फिल्म विकास परिषद को अविलंब रद्द करने की मांग की है। करमटोली स्थित धुमकुडिया भवन में बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नवगठित फिल्म विकास परिषद में जिन नये सदस्यों को शामिल किया गया है, उसमें आदिवासी कलाकारों को दरकिनार किया गया है। इस परिषद का सुधार कर पुनः आदिवासियों को लेकर नव गठित फिल्म विकास परिषद की बनाई जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। जिसमें सभी पुराने और जुझारू कलाकारों सहित झारखंड के सादरी, नागपुरी, मुंडा, हो, संथाली, खोरठा, पंच परगनिया आदि क्षेत्रों के फिल्म से जुड़े हैं वैसे फिल्मकारों को मौका देकर नव गठित फिल्म विकास परिषद का सदस्य बनाने की मांग करेंगे। यदि ऐसा नहीं होगा तो विरोध शुरू होगा। फिल्म मेकर निरंजन भारती ने कहा कि नव गठित फिल्म विकास परिषद के सदस्यों के चयन का विरोध करते हैं। राज्य सरकार ने झारखंड फिल्म उद्योग के कलाकारों के साथ धोखा किया है। कई कई फिल्मी कलाकारों को इस परिषद में जगह नहीं दी गई है। राज्य सरकार फिल्म विकास परिषद को तुरंत रद्द करें। मौके पर कुमोद वर्मा, सूरज टोप्पो, बबलू मुंडा, निरंजन भारती, अमित मुंडा, सोनू मुंडा, मिथिलेश नायक, अनिल उरांव, विक्की करमाली आदि थे।

# ब्राउन शुगर खरीद-बिक्री करने वाला युवक गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर बेचते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए भारत माता चौक के पास छापेमारी की। इस दौरान नितिन कुमार गुप्ता नाम के युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से ब्राउन शुगर और चार हजार नौ सौ रुपये समेत कई अन्य सामान बरामद किया गया। कई उसके साथी घटनास्थल से भागने में सफल रहे, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।


## संस्थाओं के कर्मियों को मतदान करने के लिए मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का है प्रावधान

# संस्थानों के प्रधान अपने कार्यालय में मतदाता जागरूकता फोरम के जरिए लोगों को मताधिकार के प्रयोग के लिए करें प्रेरित : सीइओ

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह और अपर नेहा अरोड़ा ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वीसी के जरिए बैठक की**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि गैर-सरकारी, निजी व्यावसायिक संस्थाओं के कार्मिकों के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान दिवस के लिए सवैतनिक अवकाश का प्रवधान है। वह बुधवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा के साथ सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए सभी संस्थानों में, स्वीप कर्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता फोरम गठित किये जाने हैं, जो अपने संस्थानों के कर्मियों को जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के माध्यम से मतदाता पंजीकरण की अद्यतन स्थिति और उन्हें मतदान प्रकिया कि पूरी जानकारी दी देंगे।



उन्होंने विगत लोकसभा चुनाव, 2019 के मतदाता जनसंख्या अनुपात की चर्चा करते हुए राज्य के नौ शहरी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान के आंकड़ों का उदाहरण दिया। बताया कि इन विधानसभा क्षेत्रों के 3060 मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत वोटर टर्नऑउट के राष्ट्रीय औसत से कम रहा है। इसलिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी संस्थाओं में वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से सभी संस्थानों के वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति प्रेरित कराएं। इसे आगामी 30 मार्च 2024 तक हर हाल में पूर्ण कर लेना है। उन्होंने कहा कि हर तीसरे दिन सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने क्षेत्र में वोटर अवेयरनेस फोरमों की गतिविधियों के कार्यकलापों के संबंध में प्रतिवेदित करेंगे।

उन्होंने कहा कि वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थानों के सभी सदस्यों के मतदाता होने की अध्यतन स्थिति की जानकारी लेकर उनकी सुविधा के लिए उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा अथवा इसके निराकरण के लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क कर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएगा। इसके अलावे यह फोरम अपने सदस्यों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान करने के लिए भी प्रेरित करेगा। मतदान दिवस के पश्चात यह फोरम अपने मताधिकार के प्रयोग करने वाले सदस्यों की सामूहिक सेल्फी लेकर अपने संस्थान के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी को टैग करेगा।

मतदान दिवस के पश्चात मतदात जागरूकता फोरम अपने सदस्यों से मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं एवं मतदान करने में हुई किसी भी परेशानी या असुविधा के संबंध में फीडबैक लेकर उनके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को सूचित करेगा। यदि उस संस्थान के किसी भी सदस्य ने अपने मताधिकार का प्रयोग नही किया हो अथवा मतदान के प्रति उदासीन रहा हो तो फोरम के प्रधान इसकी जानकारी प्राप्त कर फीडबैक संबंधित पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे।

बताते चलें कि पहली बार मतदाता या किसी एक निर्वाचन क्षेत्र से किसी अन्य एक निर्वाचन क्षेत्र में स्थानान्तरण के कारण निर्वाचक नामावली में नाम को सम्मिलित करने के लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विहित फॉर्म-6 में आवेदन दिया जा सकता है।

सभी वोटर अवेयरनेस फोरम अपने सदस्यों के लिए चौथे चरण (10- सिंहभूम, 11-खूंटी, 12-लोहरदगा एवं 13 पलामू संसदीय क्षेत्र) के चुनाव के लिए 15 अप्रैल तक फॉर्म 6 जमा कर सकेंगे। इसी प्रकार आगामी 24 अप्रैल तक पांचवें चरण (04-चतरा, 05-कोडरमा एवं 14-हजारीबाग संसदीय क्षेत्र) के मतदाता फॉर्म 6 जमा कर सकते हैं। छठे चरण (06- गिरिडीह, 07-धनबाद, 08-रांची एवं 09-जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र) के लिए फॉर्म 6 में आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल है एवं सातवें चरण (01-राजमहल, 02-दुमका एवं 03-गोड्डा संसदीय क्षेत्र) के लिए आगामी चार मई तक फॉर्म 6 जमा कराए जा सकते हैं।

# वनवासी कल्याण केंद्र में प्रांत स्तरीय ग्राम विकास कार्यकर्ता प्रशिक्षण का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वनवासी कल्याण केन्द्र में बुधवार को प्रांत स्तरीय ग्राम विकास कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय अधिकारी बिन्देश्वर साहु, प्रांत के अध्यक्ष डॉ. सुखी उराँव एवं प्रांत संगठन मंत्री देवनंदन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। ग्राम विकास स्वयं सहायता समूह के प्रांत स्तरीय कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण 22 मार्च तक चलेगा। इस प्रशिक्षण में 15 जिलों से 64 कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर बिंदेश्वर साहु ने कहा कि गांव का जीवन जल, जंगल, पशु आधारित रहा है। गांव में उपलब्ध संसाधनों के मार्यादित दोहन, संग्रहण, प्रबन्धन एवं विपणन की व्यवस्था खड़ी करेंगे तो गांव का विकास जरूर होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का जिक्र करते हुए कहा कि परंपरागत कार्य- कुंभकार, मूर्तिकार, बढ़ईगिरी, लोहारगिरी, सोनार, दर्जी, राजमिस्त्री, नाव, जाल बनाने वाले 18 प्रकार के पारम्परिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए योजना सरकार ने प्रारंभ की है। इसका लाभ लेने के लिए इस जन-कल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार करना दायित्व बनता है। अध्यक्ष डॉ. सुखी उराँव ने कहा कि जनजाति समाज की धर्म-संस्कृति-परम्परा को बचाते हुए उनका सर्वांगीण विकास करना वनवासी कल्याण केन्द्र का लक्ष्य है। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, अच्छे संस्कार का निर्माण तथा आर्थिक विकास के लिए 14 प्रकार के सेवा कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय वर्ग में कार्यकर्ताओं को परम्परागत जैविक खेती, पशुपालन, बागवानी एवं कृषि आधारित लघु उधोग की जानकारी अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। साथ ही एक वर्ष की ग्राम विकास और कार्य विस्तार की योजना बनाई जाएगी। इस प्रशिक्षण वर्ग में ग्राम विकास के क्षेत्रीय ग्राम विकास प्रमुख राघव राणा, विद्यापति प्रधान, रामनंदन यादव, अन्नपूर्णा पाण्डे, फुलेश्वरी तांती, सुमन गुप्ता उपस्थित रहेंगे।

खबर एक नजर में

## झारखंड मैथिली मंच का होली मिलन शनिवार को


**रांची।** झारखंड मैथिली मंच का होली मिलन समारोह दिनांक 23 मार्च शनिवार को, हरमु अवस्थित विद्यापति दालान पर होगा। कार्यक्रम अपराहन 2 बजे से प्रारम्भ होगा। स्थानीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक फगुआ गीतों की प्रस्तुति के साथ होली के विशेष व्यंजन का आनंद लोगों को मिलेगा। मंच के अध्यक्ष बिनय कुमार झा ने शहर में निवास कर रहे मिथिलांचलवासियों से अनुरोध किया है कि ससमय पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। आयोजन के संयोजक संतोष मिश्र के नेतृत्व मे तैयारी की जा रही है।

## फाल्गुण सतरंगी मोहत्सव : श्री श्याम का किया गया अनुपम श्रृंगार



**रांची।** तीन दिवसीय फाल्गुण सतरंगी मोहत्सव के दूसरे दिन बुधवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रात्रि 9 बजे से मुख्य कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ और इस अवसर पर पूरे मन्दिर को विद्युत की रंगीन लड़ियों तथा रंग बिरंगे फोलों से सजाया गया था। फाल्गुण शुक्ल की इस एकादशी के खास अवसर पर श्री श्याम का अनुपम एवम विराट श्रृंगार किया गया और साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवम शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे मण्डल के अध्यक्ष ने सभी पधारे हुए भक्तों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 20 वें बसंतोत्सव भजन पुस्तिका का विमोचन सेवा भारती के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश केजरीवाल द्वारा किया गया। श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा व छप्पन भोग निवेदित किया गया। सर्व प्रथम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित जालान, नितेश केजरीवाल, विकाश पाड़िया, गौरव परसरामपुरिया, महेश शर्मा, अरुण धनुका, प्रदीप अग्रवाल, अजय साबू, नितेश लाखोटिया, विवेक ढांढनीयां, ज्ञान बागला, मनोज ढाँढनिया का सहयोग रहा।

## जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में ग्रेजुएशन डे का आयोजन



**रांची।** जीडी गोयनका स्कूल में बुधवार को ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। अपने नौनिहालों के जीवन की इस पहली सफलता के सहयात्री बनें उनके माता और पिता। सभी अभिभावकों ने इस अविस्मरणीय पल को बहुत शिद्दत से महसूस किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि ये पल इतने महत्वपूर्ण हैं जिससे हम भी प्रेरित हो रहें हैं हमारी तो हमेशा से दोहरी भूमिका होती है, क्योंकि हम शिक्षक भी हैं और एक अभिभावक भी। हम आगे भी अपने बच्चों को सजाने और संवारने में पूरी कर्मठता से लगे मिलेंगे। स्कूल के निदेशक मदन सिंह ने सभी बच्चों व अभिभावकों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी शिक्षकों, कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों ने बच्चों के नाम से चिन्हित किए गए पौधों को विद्यालय के प्रांगण में लगाया।

## रमजान में अपने दांतों का रखें ख्याल : डॉक्टर सिबगतुल्लाह

**रांची।** डॉक्टर सिबगतुल्लाह ने कहा है कि रमजान सभी महीनों से अफजल वा बा बरकत महीना है। इस महीने में हर मुस्लिम मर्द औरत ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत में अपना वक्त गुजरता है। रमजान महीने की अहमियत बहुत है। रमजान मुबारक में दातों और मसूढो का सही देखभाल भी जरूरी है। जरूरी इसलिए के बहुत सारे लोग कम समय होने के कारण ब्रश या मिसवाक नहीं कर पाते हैं। इससे दांतों से बदबू आना शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि मिसवाक करने से अनेक फायदा है। डॉक्टर सिबगतुल्लाह ने रमजान में ब्रश और मिसवाक के फायदे बताते हुए कहा कि मिसवाक का इस्तेमाल करने से लार का उत्पादन बढ़ता है जो प्राकृतिक रुप से दांतों में होने वाली सड़न को कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही मिस्वाक इनामेल को मजबूत करने में मदद करता है जिससे दांत सफेद होते हैं। प्लाक की समस्या एक सामान्य प्रक्रिया है। इफ्तार और सेहरी दोनो समय मिसवाक या बर्श जरूर करें। ऐसा करने से दांत और मसूढे दोनों मजबूत रहेंगे।

## भजन कीर्तन, महाप्रसाद वितरण एवं रंग अबीर लगाकर मनाया होली मिलन समारोह



**रांची।** शिव मंदिर काठीटांड कीर्तन मंडली के तत्वावधान में केंद्रीय कीर्तन मंडली पुरूष एवं महिला प्रकोष्ठ के दिशा निर्देशन में रातु काठी टांड स्थित शिव मंदिर परिसर मे बुधवार को धूमधाम से होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। इस मौके पर मंडली के लोगों ने भगवान भोले शंकर, कृष्ण, राम प्रभु, हनुमान पर आधारित एक से बढ़कर भजन कीर्तन प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की शुभारंभ श्री गणेश वंदना से हुई। महोत्सव को सफल बनाने में मुख्यरूप से कीर्तन मंडली के महासचिव अंबिका प्रसाद, सहित राजेश कुमार गुप्ता, अनुज मिश्रा, बिंदेश्वर यादव, पंकज ठाकुर, आशीष उरांव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतल गुप्ता, किरण तिर्की, प्रणिता देवी, सोनी देवी, संतोषी सरगम, अंजू देवी, गायत्री मिश्रा आदि आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर संजय सेठ सांसद मुख्य अतिथि के रूप मे एवं समाजसेवी शिव किशोर शर्मा उपस्थित थे। भोग लगा कर महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### रांची विश्वविद्यालय के वीसी की प्राचार्यों संग बैठक, लिये गये कई महत्वपूर्ण फैसले

# मिड सेम के मार्क्स की ऑनलाइन एंट्री करें सभी कॉलेज और विभाग : वीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में बुधवार को सभी कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने एक आवश्यक बैठक की। इसमें रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव तथा परीक्षा नियंत्रक सहित अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में परीक्षा, सेशन, नयी कोर्स, ऑनलाइन पेमेंट सुविधा जैसे मुद्दों पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। साथ ही कुलपति द्वारा प्राचार्यों को कई दिशा निर्देश उपलब्ध कराये गये। वीसी ने सभी प्राचार्यों से कहा कि मिड सेमेस्टर का मार्क्स सभी कॉलेज और विभाग बिल्कुल समय पर ऑनलाइन एंट्री करें ताकि छात्रों को परीक्षा फार्म भरने एवं उनके रिजल्ट में कोई परेशानी न हो। उन्होंने सभी प्रचार्यों को परीक्षा संबंधी कार्यों एवं उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन में ज्यादा सजगता और सावधानी बरतने की सलाह दी। इसके साथ ही विभिन्न विषयों में फुल मार्क्स, पास मार्क्स की भलि भांति जानकारी रखने की बात कही।

**छात्र अब कभी भी कहीं से शुल्क जमा कर सकते हैं**

कुलपति ने कहा कि परीक्षा के फी के लिये ऑनलाइन पेमेंट गेटवे की सुविधा से अब छात्रों और विश्वविद्यालय को बहुत राहत मिला है और कार्य सुचारू हुये हैं। छात्र अब कभी भी कहीं से शुल्क जमा कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि ऑनलाइन पेमेंट गेटवे को हम और परिष्कृत कर रहे हैं। कुलपति ने कहा कि कॉलेजों के परीक्षा में खर्च तथा एक्सटर्नल के पारिश्रमिक का भुगतान अब समय से किया जा रहा है। जिन कॉलेजों ने पिछले भुगतान का यूटिलाइजेशन समय पर उपलब्ध कराया है। उन्हें आगे भी किसी विलंब का सामना नहीं करना पड़ा है। उन्होंने सभी प्राचार्यों से आग्रह किया कि परीक्षा तथा एक्?सटर्नल के पारिश्रमिक का यूटिलाइजेशन बिल्कुल समय पर उपलब्ध करायें। कुलपति ने कहा कि किसी प्रायोगिक परीक्षा में यदि एक्सटर्नल नहीं उपलब्ध हो पाते हैं तो भी विश्?वविद्यालय के नियमानुसार कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर समय पर परीक्षायें ली जा सकेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा लंबित सत्रों को समय पर परीक्षा लेकर सत्र को नियमित कर दिया जायेगा।

**वीसी ने कहा- किसी भी हाल में कक्षाएं प्रभावित नहीं होने देंगे**

कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने सभी प्राचार्यों से कहा कि परीक्षा संबंधी कार्य और मूल्यांकन में शिक्षकों के जुड़ने से कक्षायें प्रभावित नहीं हों, इसका हम विशेष खयाल रख रहे हैं। जिन कॉलेजों में शिक्षकों के मूल्यांकन संबंधी कार्यों में जुड़ने से कक्षायें प्रभावित होती हैं, वहां के प्राचार्य हमें सूचित करें। हम उसकी वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे। अब से हर महिने सभी कॉलेज अपने सभी शैक्षणिक तथा अकादमिक कार्यों की एक विस्तृत रिपोर्ट विश्वविद्यालय को समय पर उपलब्ध करायेंगे। परीक्षा केंद्र से छात्रों के अटेंडेंस की कॉपी विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग को हर हाल में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

पुराने कोर्स वाले छात्रों को भी तीसरे सेमेस्टर से नये लेबस एवं कोर्स के साथ मर्ज कर दिया जायेगा। इससे नये पुराने कोर्स के छात्रों की पढाई में एकरूपता आ जायेगी। कुलपति द्वारा इससे संबंधित सारी जानकारियां प्राचार्य और प्राध्यापकों को अपने छात्रों को उपलब्ध कराने को कहा गया। मिड सेमेस्टर की परीक्षायें कॉलेज अपने स्तर से ले सकते हैं, जिन छात्रों का मिड सेमेस्टर परीक्षा किसी कारणवश छूट जाता है। उनकी पुनः परीक्षा समय पर लेकर मार्क्स उपलब्ध कराना कॉलेजों की जिम्मेदारी है। ऑनलाइन शुल्क भुगतान से छात्रों और विवि का काम ज्यादा सुचारू हुआ।

**ग्रेस मार्क्स का प्रावधान सिर्फ एक बार**

इस बैठक में कुलपति से कुछ प्राचार्यों ने ग्रेस मार्क्स से संबंधित दिशानिर्देश मांगे थे। कुलपति के कहने पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार झा ने ग्रेस मार्क्स के प्रावधानों को बताया कि ग्रेस मार्क्स की सुविधा अंतिम सेमेस्टर के लिये दी गयी है, ताकि छात्र का साल बर्बाद न हो। लेकिन अगर कोई छात्र आवेदन देकर बीच के किसी सेमेस्टर में ग्रेस मार्क की सुविधा प्राप्त करता है तो उसे फिर आगे के किसी सेमेस्टर में यह सुविधा नहीं मिलेगी। सभी प्राचार्य ग्रेस मार्क्स की सुविधा लेने वाले छात्रों की सूची अवश्य रखें। कुलपति ने सभी प्राचार्यों से कहा कि छात्रों की समस्या को गंभीरता से सुनना है और कॉलेज पहले अपने स्तर पर निदान का प्रयास करें। खास परिथितियों में ही उन्हें मुख्यालय भेजा जाये। इस बैठक में सभी कॉलेजों के प्राचार्यों के अलावा कुलसचिव डॉ. बी नारायण, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार झा, डीएसडबल्यू डॉ. एसके साहु, डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह, अंकेक्षक पदाधिकरी अजय प्रकाश, डॉ. आरके शर्मा उपस्थित थे।

## शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शिवनारायण मारवाड़ी कन्या मध्य पाठशाला की छात्राओं ने बुधवार को शैक्षणीक भ्रमण किया। अमृत महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला के अन्तर्गत इस भ्रमण के दौरान छात्राओं ने टाटीसिलवे औद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कारखाना जालान फुड प्रोडक्टस का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम प्रयोजन छात्राओं के स्वावलंबी होने के लिए आवश्यक गुण उद्यमिता को प्रोत्साहित करना था। छात्राओं ने वहां बेसन निर्माण की पूरी प्रक्रिया देखी। इन्होंने भुंजा चना के निर्माण को भली भांति समझा साथ ही जाना कि खाद्य सामग्री के प्रसंस्करण की प्रत्येक क्रिया महत्वपूर्ण है। छात्राओं का यह दल प्रधानाध्यापिका गायत्री कुमारी की अगुवाई में गया था। मौके सचिव वेद प्रकाश बागला एवं संयुक्त सचिव विजय सरायका, सुनीता ओझा, अनिता बघेल, ममता शर्मा, मीरा कुमारी, सीमा सिन्हा एवं रागिनी कुमारी मौजूद थी।

## शुभ्रा मजुमदार बनी लायंस की उप जिलापाल



**रांची।** लायंस जिला 322अ का 58वां वार्षिक अधिवेशन जगन्नाथ पूरी में बुधवर को संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में लगभग 450 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मलेन के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अंतराष्ट्रीय निदेशक लायन जे. पी. सिंह ने 322अ के कार्यकल्पों की सराहना करते हुए जिलापाल कमल जैन को बधाई दी। मौके पर जिलापाल और प्रथम जिलापाल के पद पर सीमा वाजेयपी और संजय कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। उप जिलापाल पद के शुभ्रा मजूमदार और सुनील केडिया के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें शुभ्रा मजूमदार विजयी बनीं। यह जानाकारी डॉ हरममिन्दर बीर सिंह ने दी।

## लायंस इंटरनेशनल जिला 322 का अधिवेशन संपन्न


**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** लायंस इंटरनॅशनल जिला 322 का दो दिवसीय जिला अधिवेशन बुधवार को संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में झारखंड एवं बिहार के 30 राजस्व जिलों के करीब 85 क्लबों के लगभग 500 प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन जे पी सिंह थे। मौके पर मुख्य वक्ता लायन पंकज मेहता ने सदस्यों को सेवा के प्रति समर्पण एवं प्रतिबद्धता हेतु संकल्पित होने का आह्वान किया। इस मौके पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता, बैनर प्रस्तुति, भाषण प्रतियोगिता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। पब्लिक स्पीकिंग में लायन भारतेन्दु झा को प्रथम (रांची ईस्ट), रीजन चेयरपर्सन मूल्यांकन में आशीष नेमानी प्रथम, जोन चेयरपर्सन मूल्यांकन में रोशन अग्रवाल प्रथम, प्रेसिडेंट मूल्यांकन में रांची लाइफ के पंकज कुमार प्रथम, सचिव मूल्यांकन में रांची प्रभात के प्रकृति नेमानी प्रथम एवं कोषाध्यक्ष मूल्यांकन में रांची ईस्ट के नीरजकांत साहा प्रथम घोषित किए गए । बैनर प्रस्तुति में विभिन्न श्रेणियों में लायन्स क्लब ऑफ धनबाद कोलफील्ड्स, लायन्स क्लब ऑफ गुमला, लायन्स क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटि, लायंस क्लब ऑफ रांची को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इस अधिवेशन में पूर्व जिलापाल सुषमा त्रिवेदी, राजीव लोचन, राजीवा सिंह, राजेश गुप्ता, सुदिप्तो मुखर्जी, नलिनी मुखर्जी, राजीव रंजन, रजनीश कुमार, कंचन सिंह, एस पी वर्मा, राहुल वर्मा, वीके गध्यान, डॉ एसपी सिंह सहित लायन्स रांची ईस्ट से ललित केडिया, सुरेश अग्रवाल, मनोज नरेडी, सुनील केडिया, दिवाकर राजगड़िया, रतन अग्रवाल, नेमी अग्रवाल, अध्यक्ष नरेश कुमार, विजया केडिया, नीरज साहा, भारतेन्दु झा, संजय पोद्दार, शिवानी सोनी, शायरी अग्रवाल, मुकेश पांडे, वेद मिनोचा, अमरचंद बेगानी, एफजेसीसीआई अध्यक्ष किशोर मंत्री आदि उपस्थित

## श्याम को निशान बड़े भागी उठावे, किस्मत वाले खाटू जावे जैसे भजनों में झूमे भक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्री राधा वल्लभ मंदिर, अपर बाजार से बुधवार को भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गयी। मुख्य यजमान अभिषेक कुमार के परिवार वालों ने बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर निशान पूजन किया इसके बाद भजनों के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ा कर निशान यात्रा प्रारंभ किया गया। निशान यात्रा जे जे रोड़, शहीद चौक, कुंजलाल स्ट्रीट, मारवाड़ी टोला, ईस्ट मार्केट रोड़, कार्ट सराय रोड़ होते हुए श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ पहुंची वहां श्याम भक्तों ने बाबा श्याम को पावन निशान अर्पित किया। पूरे रास्ते में हजारीबाग से आए ताशा पार्टी के साज बाज पर भक्तगण थिरक रहे थे। बाबा के मुख्य रथ पर अध्यक्ष कमलेश संचेती एवम हरेंद्र अग्रवाल बैठे थे। रात्रि 7 बजे यजमान बिमल खुटेटा सह पत्नी ने बाबा श्याम की ज्योत को प्रज्वलित किया। इस अवसर पर भव्य श्रृंगार, नयनाभिराम झांकी, अखंड ज्योत, सवामनी, महाप्रसाद एवम फूलों, रंग गुलाल की होली का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमलेश संचेती, आकाश शर्मा, हरेंद्र अग्रवाल, सौरभ कटारुका, विनायक पोद्दार, रवि अग्रवाल, सौरभ बथवाल,दीपक पोद्दार, संजय सुरेका, आशीष अग्रवाल, विशाल शर्मा, बिमल मुरारका, मनीष लोधा, उत्कर्ष लोहिया, सुरेश सारदा, कृष्णा बंसल, प्रकाश अग्रवाल के अलावा कई कार्यकताओं ने अपना योगदान दिया।

## एचडीएफसी बैंक के पावर हाउस चौक शाखा का उद्घाटन

**रांची।** एचडीएफसी बैंक रांची के पावर हाउस चौक चुटिया में बुधवार को नई शाखा का उद्घाटन हुआ। शाखा का उद्घाटन महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार के सचिव मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी और इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी। मौके पर एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड अभिषेक कुमार ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी और आस पास के लोगों की डे टू डे बैंकिंग आसन हो जायेगा। उन्होंने बताया कि यह शाखा झारखंड की 85वीं और रांची की 21वीं शाखा है।

## ठेका में कार्यरत कर्मियों को आइआइसीएम प्रबंधन नियमित नियुक्ति दे : अजय राय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आइआइसीएम श्रमिक संघ की बैठक बुधवार को अजय राय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें काफी सख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर अपनी-अपनी समस्याओं से संघ को अवगत कराया। अजय राय ने कहा कि आइआइसीएम के स्थापना काल से लेकर आज तक काम करने वाले ठेका कर्मचारियों को नियमित करने की बजाय उनको मिलने वाली सुविधाओं से भी वंचित किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के आदेश के तहत उमा देवी बनाम कर्नाटका सरकार के तहत 10 वर्ष तक लगातार काम करने वाले ठेका कर्मियों को नियमित करना है। आइआइसीएम प्रबंधन इस आदेश के तहत कैंपस में काम कर रहे कर्मियों को नियमित नियुक्ति दे। इस मुद्दे को लेकर वो जल्द ही प्रबंधन से मिलकर बात करेंगे और जरुरत पड़ी तो कोल इंडिया के चेयरमैन सहित कोयला मंत्री से मिलकर संघ की ओर से मजदूर कर्मचारियों के हक से उन्हें अवगत कराएंगे। बैठक में विजय कुमार शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, मनोज सिंह, बीर बहादुर, अखाय बेहरा, उत्तम कुमार, रमेश साहू, प्रीत यादव, कर्मा महतो, गोकुल कुमार महतो, सुनील कुमार, आलोक झा सहित काफी सख्या में कर्मी शामिल हुए।

# किसान, बेरोजगार, ग्रामीण युवाओं और उद्यमी का स्वरोजगार के लिए चैंबर भवन में कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** झारखण्ड चैंबर के कृषि, बागवानी और कृषि उद्योग उप समिति द्वारा भारत की क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना के तहत झारखण्ड में कृषि विपणन अवसरंचना, कृषि प्रसंस्करण इकाई और मिनी कृषि उद्योग विकास उद्यमियों, किसान और ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए व्यवसाय के अवसर बुधवार को चैंबर भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के उद्यमी, ग्रामीण बेरोजगार, स्वयंसेवी संस्थान एवं कृषि उद्योग से संबंधित लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला में नाबार्ड के डीजीएम एससी गर्ग व विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में विपणन अधिकारी सचिव कनाल, कृषि एवं कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के उप कार्यालय प्रभाशचंद्र दूबे, कृषि निदेशालय झारखण्ड एवं केनरा बैंक के डिवीजनल मैनेजर सनाउल हक ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि चैंबर का प्रयास है कि कृषि एवं कृषि उद्योग से संबंधित केंद्र और राज्य सरकार की सभी विकास की योजनाओं का लाभ राज्य के किसानों, उद्यमियों, ग्रामीण बेरोजगार युवाओं, एसएचसी ग्रुप एवं फॉमर्स प्रोड्यूसर तक सुगमता से दिलाया जा सके ताकि झारखण्ड राज्य में कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग का विकास हो सके और झारखण्ड से पलायन, उग्रवाद एवं गरीबी का समाधान हो सके और राज्य की समग्र प्रगति तीव्र गति से हो सके। कार्यशाला में चैंबर के सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, सदस्य शंभू प्रसाद गुप्ता, अविराज अग्रवाल, लखन अग्रवाल, गंझू प्रधान, रंजीत वर्मा, डॉ0 बीपी सिन्हा, अशोक कुमार, रोहित मंडल, सतीष महतो, अमृतोष पाठक, उमेश अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, विषाल लोधा, राजेष वर्मा, दिवाकर पांडे, सुरेष प्रसाद के अलावा खूंटी, हजारीबाग, लातेहार, ओरमांझी, धनबाद, बालूमाथ सहित कई जिलों के कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग से जुडे उद्यमी उपस्थित थे।

# फाल्गुन बड़ी एकादशी के मौके पर भक्तों ने लगायी श्री श्याम दरबार में हाजिरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** फाल्गुन की बड़ी एकादशी के अवसर पर बुधवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में प्रातः 5:30 बजे पट खुलते ही भक्तों का तांता लग गया। श्याम आराधना के इस विशेष दिन पर देर रात तक करीब 25000 से अधिक श्याम भक्त श्याम दरबार में हाजिरी लगाई। खाटू की परंपराओं के अनुरूप ही रांची के मंदिर में आयोजन किया जा रहा है। खाटू में भी पूरी रात बाबा के दर्शन पूजन होते हैं। प्रातः कालीन अनुष्ठान के बाद श्याम प्रभु का अनुपम श्रंगार किया गया। बाबा को नवीन बागा धारण कराया गया। संपूर्ण सवामनी भोग तथा महाभोग का प्रसाद अर्पित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल अपने स्थापना का 52वां वर्ष मनाते हुए पांच दिनी रंग रंगीला श्री श्याम फागण अमृत महोत्सव मना रहा है। मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि वृंदावन की इत्र पार्टी प्रतिदिन बाबा का सुगंधित इत्रों से मनुहार कर रही है। प्रातः कालीन प्रथम ज्योत चेंबर के पूर्व अध्यक्ष रंजीत गाडोदिया एवं रात्रि 9:30 बजे एक श्याम भक्त परिवार द्वारा एकादशी की अखंड पवन ज्योत प्रज्वलित की गई। श्याम बाबा का श्रृंगार मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा एवं अनूप दाधीच ने किया। श्रवण ढांढनिया श्याम सुंदर शर्मा सलज अग्रवाल साकेत ढांढनिया पवन शर्मा मदन सोनी आदि ने सभी देवी देवताओं की स्तुति कर भजन गए। गौरव अग्रवाल, पंकज गाड़ोदिया, आदित्य लोहिया, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, विशाल पोद्दार, रतन शर्मा, संजय सराफ, सर्वेश अग्रवाल, शुभम घोष, खुशी संकेत आदि ने सक्रिय योगदान दिया।

स्पीड न्यूज

## दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत



**ओरमाझी।** सिकिदीरी ओरमांझी पथ सांड़ी के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में थाना क्षेत्र के पांचा निवासी रविंद्र करमाली उर्फ राजेंद्र का 18 वर्षीय बेटा विक्रम करमाली की मौत हो गई। बुधवार को शाम हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि विक्रम करमाली अपने कुटे निवासी अपने एक दोस्त के साथ बाइक में सवार हो पांचा से सांडी की ओर जा रहा था। एक अज्ञात वाहन ने बाइक को पिछे से जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे दोनो बाइक सहित सड़क पर फेका गए। गंभीर रूप से घायल दोनो को स्वजनों द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के हॉस्पिटल ले गए। रात नौ बजे के करीब विक्रम करमाली की रिम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त का उपचार मेदांता हॉस्पिटल में चल रहा है। बताया गया कि उसका जबड़ा टुट गया है, और उसकी भी हालत काफी गंभीर है।

## बेड़ो में पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



**बेड़ो।** एसएसपी रांची के निर्देश पर बुधवार को बेड़ो थाना के मुख्य द्वार के समीप डीएसपी अखिल कुजूर के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के द्वारा वाहन चालकों का ट्रिपल ड्राईविंगएबिना हेलमेटए इंस्योरेंस व लाईसेंस आदि का जांच किया गया। साथ ही वाहन चालकों को नियमों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। वहीं मौके पर डीएसपी अखिल कुजूरएथाना प्रभारी नकुल साहएएस आई रौशन झा व सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## मैक्लुस्कीगंज के नावाडीह गांव में तीन दिन से बिजली बाधित

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज के नावाडीह में पिछले तीन दिनों से बिजली नहींए परेशानी का सबब। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को हुई हल्की बारिश और गर्जन के बाद मैक्लुस्कीगंज सबस्टेशन के नावाडीह गांव के ट्रांसफॉर्मर में खराबी आ गयी। जिससे नावाडीह का बड़ा क्षेत्र दो दिनों तक अंधेरे में रहाए बिजली कर्मियों ने जब ट्रांसफॉर्मर की खराबी को दुरुस्त किया तब बुधवार को बिजली बहाल हुआ। उधर बुधवार को मात्र आधे घंटा ही बिजली रही होगी कि फिर उसी लाइन में खराबी आ गयी।

### होली के त्योहार को लेकर कई थानों में शांति समिति की बैठक में अपील

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें होली

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी थाना परिसर में बुधवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक खलारी बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके संतोश कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान होली का त्योहार शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लेते हुए सभी ने त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था के संधारण में प्रशासन का हर संभव सहयोग करने की बात कही। मौके पर बीडीओ संतोश कुमार ने सभी लोगों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिसका पालन करते हुए होली पर्व को मनाएं। साथ ही कहा कि बिना विवाद और आपसी भाईचारा के साथ सौहार्दपुर्ण वातावरण में रंगो त्योहार होली को मनाए और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में एक दूसरे का सहयोग करें। बैठक में खलारी थाना के पदाधिकारियों के अलावा मुखिया दीपमाला कुमारीए तेजी किस्पोट्टा पारासनाथ उरांव इंदिरा देवी मुन्ना देवी श्याम सुन्दर सिंह कृष्णा चौहान कार्तिक कुमार पांडेय आनन्द सिंह विकास कुमार दुबे इस्माइल अंसारी रूपेश मिश्रा मुन्नु शर्मा रमेश चौहानए अष्विनी कुमार मिथिलेश कुमार सिंह अशोक उरांव सागर राम मो जफरूदीन असांरी सुरेन्द्र राम अनुज कुमार दुबे प्रकाश कुजूर राजा केशरी जहीर अंसारी कामेश्वर माहतो मनोज कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## होली और ईद उल फितर को लेकर शांति समिति की बैठक

**सोनाहातू।** थाना परिसर में होली पर्व एवं ईद उल फितर को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में होली पर्व एवं ईद उल फितर के दौरान शान्ति व्यवस्था कायम रखने को लेकर सभी समुदाय के लोगों से विशेष रूप से चर्चा किया गया। शांति समिति की बैठक में सभी समुदाय के लोग मौजूद थे। होली पर्व को लेकर शान्ति समिति की बैठक में आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व एवं ईद उल फितर मनाने को कहा गया। इस दौरान सभी से अपील किया गया कि त्यौहार को लेकर एक दूसरे में भाईचारे का माहौल बनाये रखें। बैठक में कहा गया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखा जायेगा एवं सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी शेयर करने एवं असमाजिक भड़काऊ गाने बजाने वालों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। शांति समिति की बैठक में सीओ मनोज महथा बीडीओ खगेश कुमार इंस्पेक्टर रवींद्र सिंह थाना प्रभारी चन्दन कुमार एएसआई गौतम रजवार दलगोविंद महतो मुखिया फणीभूषन सिंह मुंडा दिनबन्धु सिंह मुंडा ग्राम प्रधान जिवाधन सिंह मुंडा राजेंद्र महतो दशरथ भगत मुरलीधर कुशवाहा सुषेण लोहरा दिलीप कुशवाहा जाकिर खान भरत महतो करम सिंह महतोए रूपकुमार साहु मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने लिया आपसी सौहार्द से होली मनाने का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो में होली पर्व को लेकर बुधवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक डीएसपी अखिल नितेश कुजूर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर डीएसपी ने ग्रामीणों से होली और के पर्व को शांतिए सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील किया। वहीं सीओ प्रताप मिंज ने शांति समिति के सदस्यों को होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाने के लिए कई आवश्यक सुझाव व निर्देश दिया। उन्होंने शांतिपूर्ण वातावरण व भाईचारा के साथ त्योहार को मनाने को लेकर सदस्यों से विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारा कायम रखते हुए सभी लोग रंगों का त्योहार होली मनाएं। वहीं थाना प्रभारी नकुल शाह ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ने कहा कि पुलिस आसामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करेगी।

# चटकपुर में कारपेंटर की रस्सी से गला दबा कर हत्या

- अपराधियों ने मंगलवार की रात दिया घटना को अंजाम
- औरंगाबाद का था राहुल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** चटकपुर में अपराधियों ने मंगलवार की रात कारपेंटर 29 वर्षीय राहुल शर्मा उर्फ मंटू की आदर्श क्लिनिक मैदान में रस्सी के सहारे गला दबा कर हत्या कर दी। वह औरंगाबाद जिले के दिघी पोखराही नवीनगर निवासी स्व धर्मदेव शर्मा का पुत्र और 4 भाइयों में सांझिल था। वह छाता टोंगरी रोड नंबर 3 स्थित सगे साढ़ू नीरज कुमार शर्मा के मकान में परिवार के साथ रहता था। शव के पास से उसके जूते और मोटर साइकिल जेएच 01 डीडी 9039 बरामद की गयी है। सूचना मिलने पर ट्रेनी आईपीएस मो याकुब पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के साथ चटकपुर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिल घटना की जानकारी ली। घटनास्थल का कॉल डंप कराया गया। फिंगर प्रिंट और खोजी कुत्ता दस्ते की भी मदद ली गयी। मृतक के शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया। अंत्येष्ठि पैतृक गांव में की जायेगी। मामले को लेकर नीरज शर्मा के बयान पर रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ भादवि की धारा 302, 301-34 के तहत कांड संख्या 109-24 दर्ज की गयी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

### गांव में पसरा मातम



मृतक के परिवार में पत्नी सुहाना शर्मा, पुत्र वंश व रौनक के अलावा मां मालती देवी, भाई राकेश, पिंटू तथा रोहित शर्मा आदि हैं। घटना के बाद चटकपुर समेत नवीनगर में मातमी सन्नाटा है। बूढ़ी मां, पत्नी, बच्चे व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दोनों पुत्र मृत पिता के शव को निहार रहे थे।

### कैसे घटी घटना

राहुल शर्मा यहां 7 साल से रह नीरज के साथ ही काम करता था। फिलहाल उनके पास काम नहीं है। कुछ दिनों से वह आईटीआई बजरा में रहने वाले ठेकेदार कमलेश शर्मा का पुंदाग ओपी स्थित साइट में काम कर रहा था। मंगलवार की सुबह 10 बजे घर से ड्यूटी पर निकला। शाम बजे तक घर नहीं लौटने पर परिजन हलकान हुये। 8 बजे फोन से संपर्क होने के बाद उसका मोबाइल का स्विच ऑफ हो गया।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**पिस्कानगड़ी।** होली का त्योहार को लेकर नगड़ी थाना परिसर में बुधवार शांति समिति की एक बैठक सीओ राकेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 26 मार्च दिन मंगलवार को नगड़ी थाना क्षेत्र में होली का पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रेम सद्भाव और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मिलजुल कर मनाने में का निर्णय लिया गया। संचालन नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय और धन्यवाद ज्ञापन रितेश कुमार महतो ने किया। निर्णय लिया गया कि भाइचारे के साथ होली खेला जाएगा।

## एक नजर में

### इफ्तार पार्टी : तरक्की और भाईचारे की मांगी दुआ



**इटकी।** इस्लाहुल एराकीन कमेटी के सेक्रेटरी हाजी मोइनुद्दीन के इटकी स्थित आवास में बुधवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में दर्जनों रोजेदारों ने भाग लिया और देश की एकताए खुशहालीए तरक्की व भाईचारे के लिए सामूहिक दुआ मांगी गयी। इफ्तार पार्टी में ह्यूमन राइट्स काउंसिल के नेशनल डायरेक्टर आरिफ राजाए इस्लाहुल एराकीन के सदर मो अकीलए अफरोजए असदए आसिफ व अन्य लोग मौजूद थे।

### अनगड़ा : गलत वंशावली बना बीसा में हो रही जमीन की खरीद-बिक्री

**अनगड़ा।** प्रखंड के बीसा पंचायत में जमीन दलालो के द्वारा गलत वंशावली बनाकार धडले से जमीन की अवैध रूप से खरीद बिक्री किए जाने का आरोप बीसा के ग्राम प्रधान उमेश कुमार बड़ाईक ने लगाया है। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने दशिक्षणी छोटानागपुर के आयुक्त को एक आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि जमीन की खरीद बिक्री हो जाने के बाद मूल रैयत को पता चलता है कि उसकी जमीन की किसी ने बिक्री कर दी है। ग्राम प्रधान ने मांग की है कि पूरी तरह से जांच पड़ताल के बाद ही जमीन का दाखिल खारीज किया जाये तथा अवैध खरीद बिक्री पर रोक लगया जाये।

### एसएसबी ने अफीम फसल को किया नष्ट

**तमाड़।** सशस्त्र सीमा बल 26 वीं वाहीनी के कमांडेट एसडी शेरखानी के निर्देश पर बुधवार को ई समवाय डुंगरडीह के द्वारा एक स्पेशल ऑप्स दस्ता निकाला गया। इसकी अगुवाई एसएसबी के निरीक्षक सामान्य कपिल नगर ने किया। स्पेशल ऑप्स दस्ता द्वारा बंदासरना और कुंदला के जंगल क्षेत्रो में अफीम की लगभग 04 एकड़ फसल को नष्ट किया। इस दौरान एसएसबी के जवानो ने लोगों को गाजरए टमाटरए हरी मिर्च सहित अन्य खाद्य सामग्री की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। छापामारी दल में एसएसबी बलकर्मी व तमाड़ थाना के जवान शामिल रहे।

## क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह, खूब उड़े अबीर-गुलाल

**खलारी।** खलारी पिपरवार क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह नर्मदेश्वर शिव मंदिर डकरा के प्रांगण में धूम धाम से मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता वीर कुंवर सिंह विचार मंच के राजन सिंह राजा ने किया। इस समारोह में राजन सिंह राजा ने विपरीत परिस्थितियों में समाज को एकजुट रहने का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार मनाने के पीछे एक कहानी है इस कहानी को लेकर हमें अपने मन के भीतर मौजूद हिरण्यकश्यप को अंत करना की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सामाजिक एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन होने से सामाजिक बंधुओं के बीच मेल मिलाप होता है। होली के गीतों की मधुर तान छेड़ते हुए उदय सिंह ने कार्यक्रम में शमां बांधा। लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली महापर्व की बधाई दी। इस पर्व पर सभी पुरानी रंजिशो को भूलकर सभी ने एक दूसरे को गले लगाया होली मिलन के बाद सभी क्षत्रिय बंधु एकत्रित होकर वीर कुंवर सिंह चौक पहुंचे।

## शौंडिक युवा मंच के संरक्षक जगदीश साहू का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** शौंडिक युवा मंच ओरमांझी के संरक्षक 60 वर्षीय जगदीष प्रसाद साहू का निधन मंगलवार रात को हो गई। बताया गया कि जगदीश प्रसाद को तीन दिन पूर्व ब्रेनहेमरेज के बाद उपचार के लिए क्यूरेस्टा ग्लोबल हॉस्पिटल इरबा में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गई। निधन की सूचना मिलने पर सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, शौंडिक युवा मंच के अध्यक्ष अमित राज साहू सहित कई लोग गणमान्य लोग उनके निवास पांचा ओरमांझी पहुंचे और स्वजनों से मिलकर संवेदना प्रकट किया। कहा जगदीष साहू समाज के एक प्रतिष्ठित, न्याय प्रिय व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थें। उनका योगदान को समाज कभी भूला नही सकता। बाद में उनका अंतिम संस्कार गांव के पोयाबांध मुक्तिधाम में किया गया। मौके पर उपस्थित शौंडिक युवा मंच के सचिव राजधाम साहू के साथ अजय साहू, कुंदन साहू, दीपक साहू, रवि साहू, नवीन साहू, जयप्रकाश गुप्ता, बीरेंद्र साहू, विजय साहू, अलखनाथ महतो, राजकिषोर साहू, शिवप्रसाद साहू, रोहित साहू, शंकर गुप्ता, सत्यमराज कुषवाहा, आषीष साहू, बालक महतो, ईश्वारी साहू, अनिरूद्ध साहू, रमन साहू, नारायण साहू, कामेश्वर साहू, चंदेश्वर साहू, रामचरण साहू, सुरेश साहू, जलेश्वर साहू, नागेंद्र प्रसाद साहू, आशेश्वर लाल गुप्ता, दिवाकर साहू, दुर्गाचरण साहू सहित क्षेत्र के कई लोगों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

# 24 घंटे के बाद केडीएच कांटा चालू

खबर मन्त्र असर

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** केडीएच कोल डंप में पुनः टीएसपीसी इंट्री धमकी भरे कॉल से केडीएच कांटा बंद, दहशत में कांटा बाबू और लिफ्टर की खबरए खबर मन्त्र में प्रमुखता से छपने के बाद खलारी पुलिस के छावनी में लगभग दोपहर 1.30 से खबर लिखे जाने तक कांटा चालू था। बताया जा रहा है कि मंगलवार को केडीएच कांटा बाबू को टीएसपीसी उग्रवादी संगठन द्वारा जान से मारने की धमकी मिलने के बाद कांटा बाबू मंगलवार को दोपहर से कांटा बंद कर के चले गये थे। टीएसपीसी उग्रवादी संगठन ने कांटा बाबू व लिफ्टर डीओ होल्डर को संगठन से बात करने के बाद ही कांटा चालू करने की धमकी मिला था। जिसके बाद से केडीएच 24 घँटे तक बंद था। खबर मन्त्र में खबर प्रमुखता से छपने के बाद खलारी पुलिस प्रसासन ने मोर्चा संभालकर सीआईएसएफ जवनो अथवा डीएसपी व खलारी थाना के प्रभारी के देख रेख में पुनः कांटा चालू किया गया।

### संगठन के नाम पर होती है अवैध उगाही



एनके एरिया क्षेत्र के प्रत्येक डंप से समिति व उग्रवादी संगठन के नाम पर अवैध उगाही किया जाता है। यह अवैध उगाही प्रति टन समितिए सीसीएल अधिकारियों का खर्च 218 रुपये अथवा जंगल के नाम से 120 रुपये का प्रति टन के हिसाब लिया जाता है। जिसका कुल मिलाकर प्रति टन 338 रुपये का उगाही प्रति टन किया जा रहा है। बताया जाता है। इस बार केडीएच मे जी 10 अथवा जी 11 का कोयला लगभग 50 हजार टन कोयला लगया गया है। जिससे आकलन के हिसाब से प्रति टन 338 रुपये लेने से 1 करोड़ 69 लाख रुपये का अवैध वसूली किया जाना है। इस अवैध वसूली से कई जगहों का टेरर फंडिंग में पैसा पहुँचाया जाता है। जब पैसा संगठन के पास नही पहुंचता है तब केडीएच रोहणी चुरी डकरा पुरनाडीह जैसे घटना का अंजाम दिया जाता है। जिसका मुख्य कारण कोल डंप से अवैध वसूली। बताया जाता है कि एनके एरिया व खलारी थाना क्षेत्र में खुलेआम प्रसासन के नजरों से अवैध वसूली होना कही न कही प्रसासन के हाई कमान के कारण अनदेखी किया जा रहा है।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.—डी.एल.—अ.—02052023—245569
CG-DL-E-02052023-245569
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1905] नई दिल्ली, सोमवार, मई 1, 2023/वैशाख 11, 1945
No. 1905] NEW DELHI, MONDAY, MAY 5, 2023/ VAISAKHA 11, 1945

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 1 मई, 2023

का. आ. 1993(अ). — केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के धनबाद जिला में NH-2 के कि.मी. 360.300 से कि.मी. 400.132 तक के भू-खण्ड (खैराटुण्डा—बरवा अड्डा सेक्शन) के निर्माण (चौड़ा करने/6—लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए यह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आक्षेप कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आक्षेप सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सह सक्षम पदाधिकारी, धनबाद, झारखण्ड को लिखित रूप में किया जायेगा और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधि व्यवसायी द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आक्षेपों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आक्षेपों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भू-रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

झारखंड राज्य के धनबाद जिले में NH-2 के कि.मी. 360.300 से कि.मी. 400.132 (खैराटुण्डा—बरवा अड्डा सेक्शन) तक के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

जिला : धनबाद
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 1 मई, 2023
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

[फा.सं. 11015/5/DHN/LA/ SixLaning/3A]
अभय जैन, उप सचिव

नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय धावक बुधुवा उरांव का निधन, शोक

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** सह पूर्व डीएसपी बुधुवा उरांव ;63द्ध का बुधवार को इटकी के रानीखटंगा गांव में आदिवासी रीति रिवाज व राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बुधवा उरांव की बुधवार की प्रातः जमशेदपुर में आकस्मिक निधन हो गया था। वह अपने पीछे पत्नी, पांच लड़के और एक बेटी सहित भरा पूरा घर छोड़ गए। जैप की कमांडेंट आईपीएस डॉ सरोजनी लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस बलों ने गोली से सलामी दे श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा मांडर के विधायक शिल्पी नेहा तिर्कीए पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाथ शहदेव, आदिवासी महासभा के अध्यक्ष सह पत्थलगड़ी नेता विजय कुजूर ने फूल माला से श्रद्धांजलि अर्पित किया। अंतरराष्ट्रीय धावक बुधवा उरांव के निधन पर एडीजी प्रिया दुबेए राजकुमार लकड़ा, डीआईजी पटेल मयूर सहित खेल जगत, राजनीतिक महकमे और पुलिस विभाग ने शोक व्यक्त किया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जागरे उरांव, राजकुमार तिर्की, बेलस तिर्की, शिवनाथ तिग्गा, राजन किस्पोट्टा, सुनील मिंज सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए।

### एथलेटिक्स में देश का किया था प्रतिनिधित्व

बुधवा उरांव ने एथलेक्टिक्स में दुनिया भर में देश का प्रतिनिधित्व किया। 1985 में मास्को में आठ सौ मीटर की दौड़ में बेहतर प्रदर्शन करते हुए भारत को पदक दिलायाए वर्ष 1986 में ओलंपिक क्वालीफायर में 800 मीटर की दौड़ में तकनीकी कारणों से डिसक्वालिफाई हो गए थे। 1986 के ही सियोल एशियन गेम में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता फिर 1987 ढाका में आयोजित साउथ एशियन गेम्स की 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉड के साथ गोल्ड मेडल जीताए वर्ष 1989 कनाडा में वर्ल्ड पुलिस मीट में उन्होंने एक स्वर्णए एक सिल्वर मेडल जीता है, इसके अलावा लगभग पचास से ज्यादा देशों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड में भारत का प्रतिनिधित्व किये। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जागरे उरांव, राजकुमार तिर्की, बेलस तिर्की, शिवनाथ तिग्गा, राजन किस्पोट्टा, सुनील मिंज सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए।

